1	2	3	4
Southern Region . . .	1. Andhra Pradesh	19.60	19.3
	2. Karnataka	19.60	19.48
	3. Kerala	21.02	21.00
	4. Tamil Nadu	18.40	18.35
	5. Lakshadweep ISLS	18.51	17.45
	6. Pondicherry	17.88	16.53
Eastern Region . . .	1. Bihar	21.07	N.A.
	2. Orissa	24.00	23.92
	3. Sikkim	22.92	N.A.
	4. West Bengal	21.90	21.00
	5. A. & N. ISLS	17.56	N.A.
Northern Region . . .	1. Assam	21.00	N.A.
	2. Manipur	20.50@	N.A.
	3. Meghalaya	11.35	11.55
	4. Nagaland	22.00*	N.A.
	5. Tripura	29.00	N.A.
	6. Arunachal Pradesh	20.00	N.A.
	7. Mizoram	28.00	N.A.

विद्युत उत्पादन में वृद्धि की योजना

1318. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वर्ष विद्युत का उत्पादन विद्युत के उत्पादन लक्ष्य से कम हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विद्युत उत्पादन में वृद्धि करने हेतु सरकार ने क्या प्रयास किये हैं ?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) और (ख) वर्ष 1991-92 के दौरान वास्तविक ऊर्जा/विद्युत उत्पादन 286.70 बिलियन यूनिट था जो कि 283.45 बिलियन यूनिट के कार्यक्रम से 1.1 प्रतिशत अधिक है ।

(ग) देश में विद्युत के उत्पादन में सुधार करने के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों में ये शामिल हैं, नई विद्युत उत्पादन क्षमता चालू करना, पुरानी युनिटों का नवीकरण तथा आधुनिकीकरण करना, संयंत्र सुधार कार्यक्रम चलाए जाने के लिए राज्य बिजली बोर्डों की सहायता करना, अपेक्षित गुणवत्ता वाले कोयले की अपेक्षित मात्रा में सप्लाई करना, प्रचालन एवं अनुरक्षण से सम्बन्धित कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान करना और पारेषण एवं वितरण प्रणाली को सशक्त बनाया जाना ।

विन्ध्याचलम कवास, गांधार एवं जन्नपुर ताप विद्युत स्टेशनों का विस्तार

1319. **श्री कैलाश नारायण सारंग** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आठवीं योजना अवधि में केन्द्रीय क्षेत्र की विन्ध्याचल ताप विद्युत गृह

विस्तार 2×500 मेगावाट, कवास गैस आधारित विद्युत परियोजना 600 मेगावाट, गांधार गैस आधारित विद्युत परियोजना 650 मेगावाट एवं चन्द्रपुर ताप विद्युत गृह का विस्तार 2×500 मेगावाट परियोजनाओं के विस्तार का कार्य पूरा किये जाने की संभावना है और क्या इन परियोजनाओं से मध्य प्रदेश को विद्युत प्राप्त होगी ;

(ख) यदि हां, तो इन परियोजनाओं की स्थापित क्षमता में से मध्य प्रदेश को कितनी बिजली दी जा सकेगी ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एन टी पी सी) के निम्नलिखित ताप विद्युत केन्द्रों की स्थिति इस प्रकार है :—

(1) विन्ध्याचल ताप विद्युत केन्द्र चरण-2 (2×500 मेगावाट)

परियोजना के लिए वित्तपोषण सुनिश्चित नहीं किया गया है । इस सम्बन्ध में रूस के साथ विचार-विमर्श किया गया । परियोजना को आठवीं योजना के दौरान क्रियान्वित किए जाने हेतु, योजना आयोग द्वारा सिफारिश की गई है जिसके लाभ नौवीं योजना के दौरान प्राप्त होंगे ।

(2) कवास गैस विद्युत परियोजना (645 मेगावाट) :

106-106 मेगावाट के चार गैस टर्बाइन पहले ही चालू किए जा चुके हैं ।

110.5-10.5 मेगावाट के शेष दो भाप-टर्बाइनों को चालू किए जाने सम्बन्धी कार्यक्रम की तिथियां क्रमशः मई, 1993 तथा सितम्बर, 1993 हैं ।

(3) गांधार गैस आधारित विद्युत परियोजना (650 मेगावाट)

परियोजना की पहली गैस टर्बाइन को चालू किए जाने सम्बंधी कार्यक्रम की तिथि मार्च, 1994 है तथा प्रत्येक 2 महीने के अन्तराल से अनुवर्ती गैस टर्बाइन यूनिटों को चालू किया जाएगा । सितंबर, 1995 तक भाप टर्बाइन यूनिट को चालू किए जाने का कार्यक्रम है ।

(4) चन्द्रपुर ताप विद्युत केन्द्र (2×500 मेगावाट)

कोल लिंकेज की अनुपलब्धता के कारण परियोजना की प्रक्रिया पर कार्यवाही नहीं की जा रही है ।

(ख) इन परियोजनाओं के पूरा हो जाने के पश्चात् मध्य प्रदेश के लिए इन परियोजनाओं से बिजली का आबंटन केन्द्रीय क्षेत्र के ताप विद्युत केन्द्रों की बिजली के आबंटन हेतु मान्य केन्द्रीय फार्मूलों के अनुसार किया जाएगा ।

मध्य प्रदेश में गैर-सरकारी क्षेत्र में विद्युत परियोजनाओं की स्थापना

1320. श्री कैलाश नारायण सारंग : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वित्तीय संसाधनों की कमी के परिप्रेक्ष्य में मध्य प्रदेश में कुछ विद्युत परियोजना गैर-सरकारी क्षेत्र में स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो इन परियोजनाओं के नाम क्या हैं और इनकी वर्तमान स्थिति क्या है ;

(ग) क्या किसी परियोजना को गैर-सरकारी क्षेत्र को सौंपा जा चुका है, यदि हां, तो उनकी क्या स्थिति है ; और

(घ) क्या उक्त परियोजनाओं का निर्माण कार्य आरम्भ हो गया है; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) जी, हां ।